**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 20.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राज्य में हो रही लगातार बारिश से जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। लगातार हो रही बारिश की वजह से जमशेदपुर के शहरी इलाकों में बाढ़ की स्थिति बन गयी है। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने भी डूब क्षेत्रों और राहत शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने कदमा, शास्त्रीनगर, दोमुहानी और शंकोसाई जैसे प्रभावित इलाकों में स्थानीय लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। मौके पर उपायुक्त ने आश्रय स्थलों में सभी जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने और किसी भी आपात स्थिति में कंट्रोल रूम से संपर्क करने की अपील की।

*******************

धनबाद में भारी बारिश के कारण हावड़ा–धनबाद–गया रेलखंड पर बरमसिया ओवर ब्रिज की गार्डवाल ढह गई, जिससे रेल ट्रैक पर मिट्टी और कंक्रीट जमा हो गए हैं। इससे न केवल ट्रेनों के सुरक्षित संचालन पर खतरा उत्पन्न हुआ है, बल्कि ऊपर से गुजरने वाले वाहनों की सुरक्षा भी प्रभावित हुई है। सीनियर डीसीएम मोहम्मद इकबाल ने बताया कि पूरे डिवीजन में मानसून पेट्रोलिंग की जा रही है और राहत कार्य जारी है।

*******************

इधर, खूंटी जिले में बाढ़ में फंसे आठ लोगों को एनडीआरएफ की टीम ने सकुशल निकाल लिया है। एनडीआरएफ ने जिले के अड़की में करकरी नदी पर निर्माणाधीन पुल में फंसे छह मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की है। इसके अलावा कोयल नदी में फंसे दो ग्रामीणों को भी बचाने में एनडीआरएफ को कामयाबी मिली है। रेस्क्यू ऑपरेशन में स्थानीय विधायक सुदीप गुड़िया के अलावा उपायुक्त आर रॉनिटा के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने भी भरपूर सहयोग दिया।

*******************

दुमका में लगातार बारिश से जहां जनजीवन प्रभावित हुआ है वहीं खेती किसानी के लिए अनुकूल स्थिति तैयार हुई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

आकाशवाणी और आकाशवाणी समाचार की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने आज रांची में आकाशवाणी स्टेशनों के सीबीएस स्टेशनों – बिक्री प्रभाग के पूर्वी क्षेत्र की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के सीबीएस स्टेशनों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि बिक्री प्रभाग को कार्यक्रम की विषय–वस्तु पर ध्यान केंद्रित करते हुए एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों को श्रोताओं के अनुकूल और संवादात्मक बनाया जाना चाहिए ताकि व्यापक दर्शक वर्ग को आकर्षित किया जा सके।

आकाशवाणी के उपनिदेशक सेल्स संजय प्रसाद सिंह ने आकाशवाणी के राजस्व सृजन और बिक्री लक्ष्य को बढ़ाने के लिए प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर राज्य में खासा उत्साह है। गुमला में आयुष चिकित्सा पदाधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों, संस्थाओं एवं अधिकारियों से कल आयोजित होने वाले 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में सक्रिय सहभागिता की अपील की है, ताकि योग को जनआंदोलन का रूप दिया जा सके और प्रधानमंत्री के **वन अर्थ–वन हेल्थ** विजन को साकार किया जा सके। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा योग को जन–जन तक पहुंचाने के लिए **योग संगम पोर्टल** की शुरुआत की गई है। सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी संस्थाओं को अपने संस्थान में आयोजित योग कार्यक्रम के लिए इस पोर्टल पर पंजीकरण करना अनिवार्य है। पंजीकरण के बाद संस्थाएं योग दिवस की गतिविधियों, फोटो एवं वीडियो को पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगी।

*******************